सिंह सवारी कर के आओ मैय्या

सिंह सवारी कर के आओ मतना मैय्या वार करो,
बैठा कब से आस लगाए मेरा भी उद्धार करो॥

नैना तरसे रिमझिम बरसे आंखों से मां पानी,
तेरी दया की आस में बैठा जगदंबे महारानी......-2
एक तू ही समझे मेरी कहानी मुझ पे भी उपकार करो,
बैठा कब से आस लगाए मेरा भी उद्धार करो.......

हर पल हर क्षण याद सताए मुझको मैया तेरी,
इस निर्धन के घर भी मैया अब के लगा दो फेरी......-2
तेरी ज्योत जलाई सांझ सवेरे मुझे भंवर से पार करो,
बैठा कब से आस लगाए मेरा भी उद्धार करो.........

कण-कण में बसने वाली कल्याण करो कल्याणी,
अमित शर्मा तेरी भक्ति में खोया आजा मात भवानी.....-2
तेरे नाम करी मैया जिंदगानी जीत करो या हार करो,
बैठा कब से आस लगाए मेरा भी उद्धार करो........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24024/title/singh-sawari-kar-ke-aao-maiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |